## एक नजर में

### संजा में समाहित है अनेक ललित कलाएं

उज्जैन। संजा हमारे जीवन में अनेक परंपराओं एवं मर्यादाओं का पाठ पढ़ाती है, इसमें चित्रकला, मूर्ति कला, प्रकृति प्रेम, गीत, संगीत आदि कलाओं का समावेश है जो मानव को जीवंत बनाए रखती है। यह उद्गार अ.भा. संजा लोकोत्सव के तृतीय दिवस शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित मालवी लोककला एवं परंपराओं पर आधारित लेक्चर डेमोंस्ट्रेशन के अवसर पर मालवी के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ शिव चौरसिया के हैं। इस अवसर पर प्रतिकल्पा की निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने विद्यार्थियों को लोक कलाओं का महत्व बताते हुए उससे जुड़ने के लिए घरों में मालवी बोली बोलने, गोबर से संजा बनाने के लिए प्रेरित किया। विस्तृत जानकारी देते हुए संजा-मानव विशेषज्ञ शीला व्यास ने बताया कि अभा संजा लोकोत्सव का आयोजन संस्कृति विभाग नई दिल्ली, संस्कृति संचालनालय मप्र, आईसीसीआर नई दिल्ली, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर अतिथि के रूप में डॉ. अजय भार्गव प्राचार्य कालिदास कन्या महाविद्यालय, डॉ. पुष्पा चौरसिया वरिष्ठ साहित्यकार अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कालिदास कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने संगीत विभाग अध्यक्ष डॉ मीना मोघे, डॉ. इब्राहिम अली एवं राकेश घुंगरे के निर्देशन में गीतों की प्रस्तुति दी। गीतों की प्रस्तुति में कुमारी करीना सोनगरे, पलक बेलिया, राखी सेन, भामिनी शर्मा, पूजा यादव ,पलक मोदी, दिव्या नरवरिया, प्रीति सुनहरे, परी शर्मा ने गीतों की प्रस्तुति दी एवं प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्थाओं की कलाकारों ने संजा लोकगीतों पर पर नृत्य प्रस्तुति दी। अंजलि समाधिया ने गोबर से संजा बनाकर छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर तरुणा जोशी, प्रवीण चतुर्वेदी, जान्हवी तेलंग, नैना सिंह सोलंकी, लकी राठौर, एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय का स्टाफ व बड़ी मात्रा में छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता जैन एवं आभार डॉ. आनंद सिंघल ने व्यक्त किया। अभा संजा लोकोत्सव के तृतीय दिवस में आज सत्य सांई सनातन विद्यालय इंदौर रोड पर प्रात: 11 बजे संजा एवं मानना बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।



### नि:शुल्क बिल्व पत्र पौधे वितरण प्रारंभ

उज्जैन। स्व. श्री ओंकारलाल पारमार्थिक न्यास के अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल द्वारा गत 3 वर्षों से महाकाल की नगरी के प्रत्येक घर में बिल्व पत्र स्थापित करने के लक्ष्य से नि:शुल्क बिल्व पत्र पौधे का वितरण किया जा रहा है, वर्ष 2022-23 में 60,000 पौधे वितरित किए गए, वर्ष 2023-24 में 5100 पौधे वितरित किए गए एवं इस वर्ष 2024-25 में 27000 बिल्व पत्र के बेसिक डेवलप पौधे गमले सहित नि:शुल्क वितरित किये जा रहे हैं। पौधे वितरण का कार्यक्रम गीता कॉलोनी क्षेत्र में श्री कृष्ण योगधाम के माध्यम से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, श्री कृष्ण योग संस्थान के अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, संरक्षक सीमा मोहन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेखा नारायण यादव के द्वारा गीता कॉलोनी क्षेत्र स्थित अटल बिहारी वाजपेई बाल उद्यान में बिल्व पत्र के पौधे रोपे गए। साथ ही क्षेत्र में घर घर वितरण प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर इस पुनीत सेवा कार्य हेतु गोविंद खंडेलवाल का अभिनन्दन किया गया। मंचासिन अतिथिगण का स्वागत अनुसूया सोनी, बिंदु खंडेलवाल, संध्या बैवाल, सुशीला खंडेलवाल, उमा शर्मा, अनिल सामरिया, देवेंद्र जंघीनिया, मयंक मामोडिया आदि ने किया। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर अपने वार्ड में या घर के बाहर वृक्षारोपण करना चाहता है तो ट्री गार्ड, पौधे इत्यादि नगर निगम उपलब्ध कराने हेतु तत्पर है। कार्यक्रम संयोजन विजय खंडेलवाल एवं करुणा खंडेलवाल ने किया एवं संचालन अर्पित गुप्ता ने किया। श्री कृष्ण योग धाम की सतत योग साधिका एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेखा नारायण यादव के जन्मदिवस संयोग होने से इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों ने उनका अभिनंदन किया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सत्संग भले न मिले पर कुसंग से बचे रहो



उज्जैन। जीवन में हमेशा वृध्द लोगों का आदर करना चाहिये, आजकल वृध्द घर में बैठे रहते हैं, हम उनसे बात ही नहीं करते, जो अनुभव उनके पास है, वो आपके हमारे पास नहीं है। कोई भी काम करो तो माता पिता, वृध्दजनों की आज्ञा मांग ही लेना चाहिये, उनकी बात का अनादर नहीं करना चाहिये। दुर्योधन ने वृध्दों की नहीं सुनी, महाभारत हो गई। जवानी का जोश तो काम आ जाएगा पर जोश में होश नहीं होगा तो वह जोश व्यर्थ चला जाएगा, जोश में होश में रखने का काम बड़े बुजुर्ग करते हैं। यह बात श्रीमद् भागवत के तृतीय दिवस की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे धन्वंतरी दासजी महाराज ने श्रीमद् भागवत में कही। महाराजश्री ने कहा जीवन में आगे बड़ना है तो अच्छो के संग रहे, आपका संग बताता है आपका भविष्य कैसा होगा। माता पिता ध्यान रखें अपनी बेटियों की मित्रता किसके साथ है, बेटे का दोस्त कैसा है। क्योंकि संग को जीतना चाहिये, जितना सत्संग का प्रभाव है, इससे कहीं ज्यादा कुसंग का प्रभाव है, जीवन में सत्संग भले न मिले, पर कुसंग से बचे रहो। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक हर्ष जायसवाल ने बताया कि जायसवाल परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन महाराज ने भागवत निरुपण, चतुश्लोकी, भागव विदुर मैत्रय संवाद, कपिलोपाख्यान, सतीष चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। स्व. बृजलाल जायसवाल, स्व. प्रभादेवी जायसवाल, स्व. सुरेशचंद जायसवाल, स्व. कुसुम देवी जायसवाल, स्व. अशोक जायसवाल की स्मृति में हो रही श्रीमद् भागवत कथा हेतु श्री धाम वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक अनंत सम्पन्न सद्गुरुदेव, महंत मदन मोहन दास के कृपा पात्र शिष्य धन्वंतरि दास महाराज श्रीमद् भगवत कथा करने के लिए पहली बार उज्जैन पधारे है। यह श्रीमद्भगवत कथा 6 सितंबर से प्रारंभ हुई जो 12 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक महाकाल परिसर, हीरामिल रोड़, कोयला फाटक चौराहा पर चल रही है। कथा के आयोजक हर्ष जायसवाल ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में आज 9 सितम्बर को प्रियव्रत चरित्र, जड़ भरत चरित्र, वामन अवतार, राम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म नंद महोत्सव मनाया जाएगा। 10 सितम्बर को पूतना वध, श्रीकृष्ण बाल लीला, शकट भंजन तृणावर्त उद्धार कालिया मर्दन एवं गोवर्धन पूजा। 11 सितम्बर को श्रीकृष्ण रासलीला, अक्रूर आगमन कंस वध, गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह एवं फाग उत्सव और 12 सितंबर शुक्रवार श्रीकृष्ण के अन्य विवाहों की कथा भौमासुर उद्धार, सुदामा चरित्र नव योगेश्वर संवाद, फूल फाग उत्सव, कथा विश्राम, पूर्णाहुति का आयोजन होगा।

### श्रीजी अभिषेक के साथ हुई सामूहिक क्षमावाणी

उज्जैन। अतिशय क्षेत्र नेमीनाथ जिनालय जयसिंह पूरा पर समग्र दिगंबर जैन समाज उज्जैन की सामूहिक क्षमा वाणी श्री जी के अभिषेक के साथ संपन्न हुई। पर्व राज पर्युषण की दस दिवसीय धार्मिक आराधना पूर्ण होने के अवसर पर परम्परा से क्षमावाणी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर अतिशय क्षेत्र जयसिंहपूरा जिनालय से एक चल समारोह निकाला। जिसमे श्रीजी रजत बेदी में विराजमान कर समाज बंधुओ के कंधे पर विराजमान रहे। चल समारोह गउ घाट पाले तक जाकर पुनः जीनालय पहुँचा। यहां श्रीजी के अभिषेक व शांतिधारा सम्पन्न हुए98279 11131। इस वर्ष पूज्य मुनि प्रणुत सागर जी महाराज का पावन सानिध्य इस आयोजन को प्राप्त हूआ। अभिषेक पूर्व मुनि श्री के आशीर्वाचन हुवे तथा अभिषेक व शांति धारा में प्रथम स्वर्ण कलश का लाभ दिनेश कुमार भरत कुमार वेध, दितीय स्वर्ण कलश अश्विन रूचि कासलीवाल, प्रथम रजत कलश मोहन लाल भव्य बड़जत्या, द्वितीय रजत कलश अनिल कुमार राजेश कुमार गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। क्षमापना का कार्यक्रम हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में उपस्थित महिला पुरुषो ने एक दूसरे से क्षमा याचना की। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट सचिव अनिल गंगवाल ने किया।

# अबकी बार 75 पार , प्रधानमंत्री का जन्मदिन राष्ट्रपिता की जयंती तक मनाया जाएगा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितंबर को है, भारतीय जनता पार्टी मनाएगी पखवाड़ा, उज्जैन में होंगे अनेक कार्यक्रम

**उज्जैन। स्वच्छता अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जब की गई थी तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए इस मिशन को आगे बढ़ाया गया। सभी प्रकल्पों में महात्मा गांधी की तस्वीर और उनके चश्मे का उपयोग करते हुए धीरे-धीरे महात्मा गांधी को भाजपा ने जिस तरह से आत्मसात किया। उसे देखकर न सिर्फ देशवासी बल्कि कांग्रेसी भी हतप्रभ रह गए। प्रधानमंत्री की सोच और उनके विजन को सभी ने तब भी सराहा,और अब खुद भाजपा भी प्रधानमंत्री का 75 वां जन्मदिन 17 सितंबर से लगाकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती तक मनाने वाली है।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में सेवा पखवाड़ा का आयोजन करने जा रही है। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक चलेगा। उज्जैन नगर में भी इस दौरान विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों का आयोजन होगा। इसके क्रियान्वयन को लेकर भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीवन में स्वदेशी को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का आव्हान किया है। स्वदेशी को बढ़ावा देंगे तो हर घर का चूल्हा जलेगा और विदेशी सामानों पर निर्भरता घटेगी। मोदी ने राष्ट्र सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत, नवाचार और वोकल फॉर लोकल के जरिए विकसित भारत का सपना 2047 तक पूरा करने का संकल्प लिया है। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में हर बूथ और मंडल स्तर पर विशेष कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया हमें विदेशी उत्पादों की बजाय देशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए। लोकल फॉर वोकल अभियान से छोटे व्यापारियों और कारीगरों को बड़ा सहारा मिलेगा। संजय अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने टैक्स में कमी कर जनता को राहत दी है और भारत को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे सेवा पखवाड़ा के दौरान मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। महापौर टटवाल और निगम सभापति कलावती यादव ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

### यह प्रमुख कार्यक्रम

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने बताया कि उज्जैन नगर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कई प्रमुख कार्यक्रम होंगे। स्वच्छता अभियान, एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण, रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद व दिव्यांग सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री पर पुस्तकों का वितरण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रदर्शनी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती (25 सितंबर) व गांधी जयंती (2 अक्टूबर) के कार्यक्रम, सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग संगठन ऐप पर करें।

### पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित

कार्यशाला के समापन पर शिप्रा नदी हादसे में दिवंगत पुलिसकर्मियों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा प्रभारी जगदीश पांचाल, आनंदसिंह खींची, कमल बैरवा, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, पूर्व विधायक पारस जैन, राजेंद्र भारती, किशोर खंडेलवाल, पूर्व महापौर मदनलाल लालावत, मीना जोनवाल, प्रभुलाल जाटवा, रूप पमनानी, विशाल राजोरिया, सत्यनारायण खोईवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता, पार्षद और पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन जगदीश पांचाल ने किया।

# 44 घंटे बाद शिप्रा नदी से मिला एसआई का शव

## महिला आरक्षक की तलाश जारी, कार गिरने का सामने आया वीडियो

**उज्जैन। शिप्रा नदी में गिरी पुलिस कर्मियों की कार के 44 घंटे बाद सोमवार शाम एसआई का शव भैरवगढ़ पुल के समीप से मिल गया। महिला आरक्षक की तलाश जारी है। सुबह कार का बंपर मिलना सामने आया था। इससे पहले रविवार सुबह कार में सावर थाना प्रभारी का शव मिला था।**



शनिवार रात बड़े पुल से उन्हें थाना प्रभारी अशोक शर्मा, एसआई मदनलाल निनामा और महिला आरक्षक आरती पाल कार सहित शिप्रा नदी में गिर गए थे। रविवार सुबह थाना प्रभारी का शव निकाल लिया गया था। एसआई और महिला आरक्षक की तलाश जारी थी। 44 घंटे बाद मंगलवार शाम को भैरवगढ़ पुल के समीप से एसआई मदनलाल निनामा का शव भी मिल गया। भैरवगढ़ थाना पुलिस बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लेकर पहुंची। दिवंगत एसआई के परिजन भी रतलाम से उज्जैन पहुंच गए थे। आरआई रणजीत सिंह, भैरवगढ़ थाना प्रभारी रघुनाथ



शक्तावत, उप निरीक्षक शोभाराम किरार और अन्य अधिकारियों ने परिवार को सांत्वना दी और अंतिम संस्कार के समय की जानकारी प्राप्त की। परिजनों ने रतलाम के सैलाना स्थित गांव में मंगलवार सुबह अंतिम संस्कार की बात कही। परिजनों का कहना था कि वह आज ही बॉडी लेकर सैलाना जाएंगे। देर शाम दिवंगत मदनलाल निनामा का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस विभाग की ओर से शव रतलाम के सैलाना ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई।

### महिला आरक्षक की तलाश में रेस्क्यू

थाना प्रभारी अशोक शर्मा और एसआई का शव मिलने के बाद महिला आरक्षक आरती पाल तलाश में रेस्क्यू अभियान लगातार जारी था। तलाशी अभियान के दौरान सोमवार सुबह शिप्रा नदी में गिरी कार का बंपर बड़े पुल से काफी दूर ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के समीप शिप्रा नदी से मिलना सामने आया था। बंपर पर नंबर प्लेट लगी थी जो एमपी 13 सीसी 7292 होना सामने आई। जो पुलिस कर्मियों की कार की थी। कार आरती की होना बताई गई है।

### तलाशी अभियान में 90 जवान शामिल

शनिवार रात हुए हादसे के बाद रविवार सुबह से ही होमगार्ड, एसडीआरएफ और धार से आई एनडीआरएफ की टीम में शामिल 90 जवान कार के साथ शिप्रा में गिरे पुलिस कर्मियों की तलाश में लगे हैं। तलाशी अभियान में सभी अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन पानी का बहाव अधिक होने और गंदा होने के चलते रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। विदित हो कि थाना प्रभारी श्री शर्मा का अंतिम संस्कार उज्जैन में किया गया। जिसमें उन्हें गॉड आफ आनर दिया गया था।

# तार चोरी करने वाली गैंग पकड़ाई

## 8 लाख का माल बरामद, मंदिर के चोरी करना कबूला



**उज्जैन।** गांवों बिजली विभाग की लाइन काटकर तार चोरी करने वाली गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 60 लीटर जहरीली शराब जब्त हुई है। बदमाशों से पूछताछ में मंदिर की चोरी का खुलासा हुआ। गैंग की निशानदेही पर 8 लाख से अधिक का माल बरामद किया गया है।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि 7 सितंबर को लोडिंग वाहन में शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा गया। जिसमें 60 लीटर जहरीली शराब भरी होना सामने आई। लोडिंग वाहन में सवार युवकों से पूछताछ करने पर शराब परिवहन संबंधित कोई जानकारी नहीं दे पाये। थाने लाकर सख्त पूछताछ करने पर थाना क्षेत्र के ग्राम दंगवाडा, नरसिंगा, धुरेरी, मरवाना तथा धरनखेड़ी आदि स्थानों से बिजली के तार काटकर चोरी करना भी कबूल कर लिया। बदमाशों में अशोक पिता बहादुर, सुनील पिता मदनलाल बागरी, विनोद पिता बाबूलाल बागरी, भरत पिता बापूलाल बागरी, बलराम पिता दशरथ बागरी, रोहित पिता बाबूलाल बागरी, अजय पिता गणपत, घनश्याम पिता लालू, जितेन्द्र पिता कनीराम बागरी निवासी संडाबदा खाचरौद और बगदीराम पिता मांगीलाल बांछड़ा निवासी पिपलिया रुण्डी नीमच शामिल थे। जिनकी निशानदेही पर 2 क्विंटल एल्युमिनियम के तार जप्त किये गये। पूछताछ में बदमाशों ने ग्राम बनेडी में कपिलेश्वर महादेव मंदिर में 12 अगस्त को दानपेटी चोरी कर नगदी चुराना भी स्वीकार कर लिया। इंगोरिया पुलिस ने गैंग के साथ ही नीमच के मनासा थाना क्षेत्र से बांछड़ा गैंग के एक बदमाश बगदीराम को भी गिरफ्तार किया है। जिनसे साथियों के साथ ग्राम सिंकदरखेड़ा और उंटवास में मकान के ताले तोड़कर सोने चांदी के आभूषण चोरी करना कबूल किया है। पुलिस उसके साथियों का पता लगा रही है। तार चोरी करने वाली गैंग से एक लोडिंग गाड़ी, 60 लीटर शराब, एल्युमिनियम के 2 क्विंटल तार और 7 हजार रुपए बरामद किये गये हैं।

### पेड़ पर लटका मिला दो बच्चों के पिता का शव

उज्जैन। दो बच्चों के पिता ने सोमवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने उसका शव आम के पेड़ पर लटका देखा। मृतक की पत्नी ने भी डेढ़ माह पहले फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। नरवर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम करछा के ग्रामीणों ने सूचना देकर बताया कि विजय पिता रामलाल चौहान 35 वर्ष अपने ही खेत में आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और विजय चौहान को फंदे से नीचे उतर गया उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि विजय दो बच्चों का पिता था और खेती किसानी का काम करता था। डेढ़ माह पहले पत्नी कांताबाई ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। इसके बाद से विजय डिप्रेशन में चल रहा था। सप्ताह भर पहले वह अपने ससुराल बागली गया था। जहां दोनों बच्चों को ससुराल वालों के सुपुर्द कर उनका एडमिशन स्कूल में भी कराया था। 2 दिन पहले ही ससुराल से लौटा था और अकेला रह रहा था। पुलिस के अनुसार संभवत पत्नी वियोग में उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

# 69 वीं शालेय क्रीड़ा स्पर्धाओं को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**उज्जैन। 8 सितंबर को 69 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं आयोजन समिति के संयोजकों, सहसयोजकों एवं सदस्यों की बैठक का आयोजन सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल के सभागृह में किया गया।**

बैठक में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से समन्वय बनाकर समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा ने बताया कि उज्जैन शहर को इस बार 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक एवं मलखंभ प्रतियोगिता, कुश्ती फ्रीस्टाईल एवं कुश्ती ग्रीको रोमन तथा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सौंपा गया हैं। आनन्द शर्मा ने भी विभिन्न समितियों के सदस्यों से चर्चा कर सभी आवश्यक तैयारियां प्रतियोगिता प्रारंभ होने के पूर्व तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रचार-प्रसार समिति संयोजक अमितोज भार्गव एवं संजय लालवानी ने बताया कि 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक एवं मलखंभ प्रतियोगिता 15 से 19 सितंबर तक शा. उ.मा.वि. महाराजवाड़ा क्र. 2 स्थित जिम्नेशियम हॉल में व लोकमान्य तिलक शाला परिसर, नीलगंगा उज्जैन में आयोजित होगी। 69 वीं शालेय राज्य स्तरीय कुश्ती फ्रीस्टाईल एवं कुश्ती ग्रीको रोमन प्रतियोगिता 23 से 28 अक्टुबर तक क्षीरसागर स्टेडियम, कुश्ती एरीना उज्जैन में होगी। इसीप्रकार 69 वीं राष्ट्रीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता 24 से 28 नवम्बर 2025 तक लोकमान्य तिलक शाला परिसर, नीलगंगा उज्जैन में होगी।

प्रतिभागी खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था शा. उ.मा.वि. महाराजवाड़ा क्र. 2 के छात्रावास, अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज धर्मशाला नरसिंह घाट, गुजराती रामी माली समाज धर्मशाला नरसिंह घाट, गुजराती समाज धर्मशाला वेदनगर, भील ठाकुर समाज धर्मशाला नरसिंह घाट एवं नीमा धर्मशाला क्षीरसागर उज्जैन में रहेगी।

बैठक में विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र आर्य, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान अशोक त्रिपाठी, एडीपीसी गिरीश तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी पीएल शर्मा, प्राचार्य नरेन्द्र शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, अनिल जैन, बालेन्दु दुबे, तनवीर खान, नीलिमा सोनी, अर्चना श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, उषा डोर, अनिल निकम, रामेश्वर देपन, सुरेन्द्र व्यास, असीम पण्ड्या, राजकुमार पाल, मुकेश चौधरी एवं संजय जौहरी आदि उपस्थित थे।

**मंदिर में अभिनेता** | भस्मारती में हजारों श्रद्धालु उमड़े, भगवान को पंचामृत अभिषेक, स्नान के बाद भस्म अर्पित


# चंद्र ग्रहण के मोक्ष के बाद अल सुबह 3 बजे पानी से धुला महाकाल मंदिर

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। चंद्रग्रहण के मोक्ष के बाद सोमवार की अल सुबह 3 बजे महाकाल मंदिर को पानी से धोया गया। इस शुद्धिकरण के बाद भगवान की भस्मारती की गई। चंद्र ग्रहण का मोक्ष रात 1.26 बजे ही हो गया था।**

भस्मारती के लिए अल सुबह 3 बजे मंदिर खोला गया। इसके बाद गर्भगृह से लेकर नंदी हॉल व परिसर में कोटितीर्थ के पवित्र जल से धुलाई की गई। करीब एक घंटे धुलाई का कार्य चला। बाबा महाकाल की तड़के 4 बजे दिव्य भस्मारती हुई। इसके पूर्व पंचामृत अभिषेक, हरिओम जल स्नान, श्रृंगार आदि किया गया। इसके बाद पुजारी ने कर्पूर आरती की। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भस्म अर्पित की गई। फिर भोग लगाकर दीप आरती की गई। भगवान महाकाल की भस्मारती में देशभर से हजारों लोग शामिल हुए।





### अभिनेता कबीर ने की बाबा की भस्मारती



फिल्म अभिनेता कबीर दोहान सोमवार को उज्जैन आए। वे अल सुबह भगवान महाकाल की भस्मारती में सम्मिलित हुए। उन्होंने नंदीहॉल में बैठकर पूरी आरती देखी। इसके बाद बाबा के गर्भगृह के बाहर से दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने उनका स्वागत किया।

### श्रीनाथजी स्वरूप में विराजित बागपुरा के महाराजा की हुई महाआरती



उज्जैन। महाकाल ग्रुप गणेश उत्सव समिति द्वारा संत नगर में भगवान श्रीनाथजी के स्वरूप में विराजित बागपुरा के राजा की महाआरती की गई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। आयोजक पीयूष गोलू ललावत ने बताया कि 10 दिवसीय गणेशोत्सव की पूर्णाहुति पर महाआरती, महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समिति के रमेश हनौतिया, डॉ. विपिन पोरवाल, लक्की यादव, महावीर ललावत अमित कौशल, हनी बाबा, सोनू ललावत, अभिषेक कुरील, धीरज बैंडवाल, पंकज ठाकुर, कपिल बिलावल, हितेश ललावत, विक्की ललावत, जीतू वाडिया, सुमित मेहर, प्रकाश खरे हर्षित, ललित, आशु, नवीन, देवेन्द्र, दीपेश गोमे, सनी सेन, पं. लक्ष्मी नारायण आदि उपस्थित रहे।